
पंजाब केसरी
FRI,28 AUGUST 2026
EDITION: SHIMLA KESARI, PAGE NO. 1

# केंद्र अधीक्षक पद के लिए 2 सितम्बर तक बढ़ी आवेदन तिथि



धर्मशाला, 27 अगस्त (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने राज्य मुक्त विद्यालय की आगामी सितम्बर-अक्तूबर परीक्षाओं के लिए केंद्र अधीक्षक और उप-केंद्र अधीक्षक पदों पर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 2 सितम्बर, 2026 कर दी है। परीक्षा केंद्रों की संख्या में इजाफा होने के बाद बोर्ड ने यह फैसला लिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि 2 सितम्बर के बाद या ऑफलाइन माध्यम से भेजे गए किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**Amar Ujala Dt.28-08-26**

# केंद्र अधीक्षक के लिए आवेदन 2 तक

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) की सितंबर-अक्तूबर में होने वाली परीक्षाओं में ड्यूटी देने के इच्छुक शिक्षकों के लिए राहत की खबर है। परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ने के बाद हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने केंद्र अधीक्षक और उपकेंद्र अधीक्षक के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 2 सितंबर कर दी है।

बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि एसओएस की परीक्षाएं सितंबर और अक्तूबर में प्रस्तावित हैं। हाल ही में परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाने की अधिसूचना जारी की गई थी। इसके चलते पात्र शिक्षकों को आवेदन करने के लिए अतिरिक्त समय दिया है। बोर्ड ने पहले आवेदन कर चुके शिक्षकों को भी राहत दी है। ब्यूरो

Dainik Jagran Dt.28-08-26

# शिक्षा बोर्ड की एसओएस परीक्षा में शिक्षकों को बड़ी राहत

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) की सितंबर-अक्टूबर में होने वाली परीक्षाओं में ड्यूटी देने के इच्छुक शिक्षकों के लिए राहत की खबर है। परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ने के चलते हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने केंद्र अधीक्षक और उपकेंद्र अधीक्षक के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर दो सितंबर की है।

बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि एचपी एसओएस की परीक्षाएं सितंबर और अक्टूबर में होंगी। परीक्षा केंद्रों की संख्या में वृद्धि के बाद पात्र शिक्षकों को आवेदन के लिए अतिरिक्त समय दिया है, जो पात्र शिक्षक अभी तक आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे दो सितंबर तक बोर्ड की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए वेबसाइट पर आनलाइन सेवाएं विकल्प में जाकर विद्यालय प्रवेश पहचान संख्या के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। बोर्ड ने पहले आवेदन कर चुके शिक्षकों को भी राहत दी है। ऐसे शिक्षक अपने चयनित परीक्षा केंद्र में बदलाव कर सकेंगे।

Divya Himachal Dt.28-08-26

# एसओएस केंद्र और उपकेंद्र अधीक्षक पद के लिए दो सितंबर तक करें आवेदन

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सितंबर-अक्तूबर 2026 में आयोजित होने वाली हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परीक्षाओं के लिए केंद्र अधीक्षक और उप-केंद्र अधीक्षक के पदों पर आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। बोर्ड सचिव अंकुश शर्मा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, योग्य शिक्षक अब इन पदों के लिए दो सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में जारी 13 अगस्त की अधिसूचना के क्रम में विस्तार करते हुए बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन सर्विसेज़ के अंतर्गत स्कूल लॉगिन आईडी के जरिए स्वीकार किए जाएंगे। बोर्ड ने शिक्षकों को राहत प्रदान करते हुए एक सुधार विंडो देने का भी निर्णय लिया है। 25 अगस्त को जारी अधिसूचना के तहत नए स्कूलों को परीक्षा केंद्र के रूप में शामिल किया गया है, जिसके चलते जिन शिक्षकों ने पहले ही आवेदन जमा कर दिए थे, वे यदि चाहें तो अपने परीक्षा केंद्रों के चयन में संशोधन कर सकते हैं।